महासमुंद में पाँच संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

28 फरवरी, 2023 को ज़िला प्रशासन महासमुंद और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में ज़िला पंचायत सभा कक्ष में 'पाँच संकल्प : कल आज और कल' महा-अभियान का कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- महासमुंद ज़िला कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने बताया कि पाँच संकल्प महा-अभियान का उद्देश्य पाँच स्वस्थ्य व्यवहारों के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना है। साथ ही हर वर्ग के लोगों के बीच स्वास्थ्य को लेकर आ रही चुनौतियों के समाधान के लिये कार्ययोजना बनाकर काम करना है, ताकि लोग बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।
- उन्होंने बताया कि पाँच संकल्प के माध्यम से पाँच व्यवहार जिसमें स्वस्थ किशोरावस्था का संकल्प, प्रसव पूर्व जाँच व संस्थागत प्रसव का संकल्प, एनीमिया मुक्ति का संकल्प, स्तनपान को बढ़ावा देने का संकल्प, संपूर्ण पोषण विविधता का संकल्प शामिल हैं।
- कलेक्टर ने कहा कि व्यवहार परिवर्तन एक दिन की बात नहीं इसके लिये लगातार काम करने की आवश्यकता है और सभी व्यवहार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, इन संकल्पों से हम आईएमआर और एमएमआर में कमी ला सकते हैं।
- यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जकारिया ने कहा कि केवल एक घंटे के अंदर माँ का दूध पीने से 22 प्रतिशत तक बच्चों की मृत्यु में कमी आ सकती हैं एवं हाथ धोने से 40% तक बीमारियों को कम किया जा सकता है, इन संकल्पों से ज़िले में परिवर्तन लाया जा सकता है।
- ज़िला पंचायत सीईओ एस.आलोक ने बताया कि पाँच संकल्प के प्रति जागरूकता के लिये विभिन्न विभागों के अब तक लगभग 60 हज़ार लोगों को प्रशिक्षित किया गया है जो समाज में इन व्यवहारों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-five-resolution-program-in-mahasamund